**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3645**
**(16 जुलाई, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

**हिमाचल प्रदेश में पीएमजीएसवाई के अंतर्गत सड़कों का निर्माण**

**3645. श्री सुरेश कश्यपः**

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश के शिमला संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए अनुमोदित सड़कों की संख्या कितनी है;
(ख) उक्त सड़कों के संबंध में नाम-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) उक्त सड़कों के निर्माण के लिए कितनी धनराशि निर्धारित की गई है; और
(घ) निर्माण कार्य में अब तक कितनी प्रगति हुई है?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास मंत्री**
**(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)**

(क) से (घ): प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) की सड़कों के संबंध में सूचना ब्लॉक-वार/जिला-वार अनुरक्षित की जाती है और न कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्र-वार। तथापि, हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, पिछले तीन वर्षों के दौरान 1106.25 करोड़ रु. की अनुमानित लागत से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश में शिमला संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए 289 सड़क कार्यों को अनुमादित किया गया है। पीएमजीएसवाई के अंतर्गत स्वीकृत की गई सड़कों की जिला-वार/ब्लॉक-वार सूची www.omms.nic.in -> Progress Monitoring -> Physical Progress of works. पर दी गई है।

कुल 289 सड़क कार्यों में से 41 सड़क कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं, 164 कार्य प्रगति पर हैं, 62 कार्यों को अभी हाल ही में सौंपा गया है और 22 कार्य निविदा स्तर पर हैं।

*****